NT>

Title: Need to complete the construction of a bridge on Chambal river.

श्री रघुराज सिंह शाक्य (इटावा): अध्यक्ष महोदय, मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र इटावा का एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा आपके माध्यम से सदन में उठाना चाहता हूं। चम्बल नदी पर सहसो पुल पिछले 12 वर्षों से लम्बित पड़ा हुआ है। नदी में पुल से संबंधित खम्बे आधे-अधूरे खड़े हुए हैं, मशीने पड़ी हुई हैं, लेकिन पुल का निर्माण नहीं हो रहा है। पहले के निर्धारित बजट में और आज के बजट में महंगाई बढ़ने की वजह से बहुत अन्तर आ गया है। पिछली बार भी मैंने यह मुद्दा उठाया है। पुल बनाने का काम बन्द हो गया है। यह पुल मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा को जोड़ता है। बीहड़ का इलाका है। तमाम मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के लोग यहां इधर से उधर आते जाते हैं तथा बरसात में यह रास्ता बिल्कुल बन्द हो जाता है। इस वजह से बीमार लोग अस्पताल न पहुंच पाने की स्थिति में मर जाते हैं. मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि इस पुल का निर्माण शीघ्र कराया जाए।